कार्यालय आयुक्त उच्च शिक्षा संचालनालय
सतपुड़ा भवन, भोपाल

दिनांक Approved Date

आदेश

क्रमांक E/475557/1/1123006/2026 मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी मार्गदर्शिका शैक्षणिक सत्र 2026-27 के अनुक्रम में मध्यप्रदेश के शासकीय/अनुदान प्राप्त अशासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों में स्नातक एवं स्नातकोत्तर कक्षाओं में प्रवेश हेतु **पहले आओ पहले पाओ** के आधार पर 10 अगस्त 2026 से 14 अगस्त 2026 तक अतिरिक्त सीएलसी चरण आयोजित किया जाता है। यह प्रवेश का **अंतिम चरण है** जिसकी प्रक्रिया निम्नानुसार है:-

- समस्त प्रवेश **पहले आओ पहले पाओ** के आधार पर प्रदान किया जायेंगे।
- यह सुविधा केवल रिक्त सीटों के लिए होगी।
- रिक्त सीटों की जानकारी विद्यार्थी के लॉगिन एवं महाविद्यालय के लॉगिन पर प्रदर्शित होंगी।
- पंजीकृत विद्यार्थी सम्बंधित महाविद्यालय में सीधे प्रवेश शुल्क जमा कर प्रवेश प्राप्त कर सकेंगे।
- विद्यार्थी जिस महाविद्यालय में प्रवेश चाहता है वहां सीट रिक्त होने पर सीधे महाविद्यालय पहुँच कर प्रवेश प्राप्त कर सकेगा।
- प्रवेश के विषय में समस्त जानकारी/समस्या हेतु सम्बंधित महाविद्यालय के हेल्प सेंटर पर संपर्क करें।
- नवीन पंजीकृत विद्यार्थी केवल एक कॉलेज में पंजीयन कर सकेंगे। सम्बंधित महाविद्यालय के हेल्प सेंटर पर वेरिफिकेशन उपरांत शुल्क जमा कर उसी दिन प्रवेश प्राप्त कर सकेंगे।
- उक्त प्रक्रिया 10 अगस्त 2026 से 14 अगस्त 2026 तक आयोजित की जाएगी।
- उक्त प्रक्रिया के अंतर्गत 14 अगस्त 2026 को शाम 5 बजे तक प्रवेश शुल्क जमा कर प्रवेश प्राप्त किया जा सकता है।
- उक्त समस्त प्रक्रिया ऑनलाइन प्रवेश पोर्टल के माध्यम से होगी |

14 अगस्त 2026 को निर्धारित समय के बाद प्रवेश मान्य नहीं होंगे।

(आयुक्त उच्च शिक्षा द्वारा अनुमोदित)

विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी
उच्च शिक्षा म.प्र.

Digitally signed by
Tulsi Ram Dahayat
Date: 09-08-2026
17:42:40

प्रतिलिपि:

1-निज सहायक, माननीय मंत्री जी उच्च शिक्षा मध्यप्रदेश
2-निज सहायक, अपर मुख्य सचिव, उच्च शिक्षा विभाग मंत्रालय भोपाल
3- निज सहायक, आयुक्त उच्च शिक्षा संचालनालय भोपाल
3-कुलसचिव समस्त विश्वविद्यालय मध्यप्रदेश
4-समस्त क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा म.प्र.
5-प्राचार्य, शासकीय/अशासकीय एवं अनुदान प्राप्त महाविद्यालय म.प्र.